nt>

Title: Need to declare support price for potato.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, आलू की फसल का हमारे देश में विशेा महत्व है। यह न केवल एक सब्जी के रूप में उपयोग होता है, बल्कि यह गरीब आदमी के भोजन का भी सहारा है। इसीलिए देश में आलू सर्वत्र पैदा किया जाता है, ताकि इसका अभाव न रहे। किन्तु इस उपयोगी उत्पाद के उत्पादन की लागत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। लगातार खाद, पानी, डीजल, बीज की कीमतों में बढ़ोतरी ने इस उत्पाद को अलाभकारी बना दिया है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में आज आलू बेमोल बेचने के लिए किसान विवश हैं। पंजाब में आपने सुना होगा कि किसानों ने जालंधर की सड़कों पर आलू लाकर ढेर कर दिया, यही हालत उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक क्षेत्रों में है। सरकार की कोई खरीद एजेंसी नहीं है और न ही इसका कोई समर्थन मूल्य तय किया गया है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि आलू के उत्पादन मूल्य में कमी लाने के लिए उपाय करने के साथ-साथ आलू की खरीद के लिए समर्थन मूल्य घोाित किया जाये तथा इसमें सब्सिडी भी देने की व्यवस्था की जाये।